प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 22.11.2025

मुख्य समाचारः–

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की समय–सारिणी घोषित की–बारहवीं की बीस और दसवीं की परीक्षा इक्कीस फरवरी से शुरू होगी।

- तेलंगाना में आज सैंतीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–इन माओवादियों पर एक करोड़ चालीस लाख रूपये से अधिक का इनाम घोषित था।

- भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि नई श्रम संहिता आजादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है।

- नागपुर में होने वाली यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ से भी बहत्तर युवा शामिल होंगे।

<u>बोर्ड परीक्षा–समय सारिणी</u>

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की समय–सारिणी घोषित कर दी है। मंडल के अनुसार बारहवीं की परीक्षा बीस फरवरी से शुरू होगी, जो अट्ठारह मार्च तक चलेगी। वहीं, दसवीं की परीक्षा इक्कीस फरवरी से शुरू होकर तेरह मार्च तक होंगी। दोनों परीक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक आयोजित की जाएंगी।

इसी तरह, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधी परीक्षा–डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन बीस फरवरी से अट्ठाईस फरवरी तक होगी।

गौरतलब है कि पिछले साल दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं एक मार्च से शुरू हुई थीं।

माओवादी आत्मसमर्पण

तेलंगाना के हैदराबाद में आज सैंतीस माओवादियों ने पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इन माओवादियों पर कुल एक करोड़ चालीस लाख रूपये से अधिक का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में कोय्यादा सम्बैया उर्फ आजाद, अप्पासी नारायण उर्फ रमेश और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य मुचाकी सोमड़ा उर्फ एर्रा जैसे बड़े नाम शामिल है। एर्रा को अभी हाल ही में मुठभेड़ में मारे गए नक्सली कमांडर हिड़मा का सबसे भरोसेमंद सहयोगी माना जाता था।

श्रम संहिता

भारतीय मजदूर संघ ने चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने का स्वागत किया है। मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह आजादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिक सशक्त होंगे और अनुपालन आसान होगा।

भारतीय मजदूर संघ ह्रदय से उनका स्वागत करता है और माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करता है। अब जो लेबर लॉस थे, पुराने थे, आज काम की दुनिया बदल रही है। तो यदि उन कानूनों पर ही हम रहते हैं, तो आज जो दीर्घ वर्कर है, प्लेटफर्म वर्कर है, ऐप वर्कर है, उसको कौन एड्रेस करेगा, कहां से उसके लिए प्रावधान आएंगे, इन कोड्स में उनका सबका समाधान है।

सेमीकंडक्टर उद्योग

प्रदेश में सेमीकंडक्टर चिप निर्माता कंपनी पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्रायवेट लिमिटेड एक हजार एक सौ तैंतालीस करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित कर रही है। डेढ़ लाख वर्गफीट क्षेत्र में

बनने वाला यह प्लांट वर्ष दो हजार तीस तक दस अरब चिप्स का उत्पादन करेगा, जो टेलीकॉम, सिक्स–जी, सेवन–जी, लैपटॉप, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उभरती तकनीकों में उपयोग होंगे। इस प्लांट से प्रदेश के अनेक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिल रहा है। कंपनी ने प्रदेश के चयनित बारह युवाओं की पहली सूची जारी की है, जिनमें अधिकांश इंजीनियरिंग और कॉमर्स के छात्र शामिल है। इन युवाओं को चेन्नई सहित एस्टोनिया, सिंगापुर और फ्रांस के वैश्विक कंपनियों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सेमीकंडक्टर उद्योग की स्थापना से प्रदेश के विकास में एक नया तकनीकी अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ अब उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर निवेशक को पूर्ण सहयोग और हर युवा को विश्व स्तरीय कौशल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

<u>विवेक शर्मा–महाधिवक्ता</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा को छत्तीसगढ़ का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है। विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महाधिवक्ता प्रफुल्ल कुमार भारत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। गौरतलब है कि विवेक शर्मा बिलासपुर हाईकोर्ट में करीब इक्कीस साल से वकालत करते आ रहे हैं। पिछले दो वर्षों से वे अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में काम कर रहे थे।

<u>आकांक्षी कार्यक्रम–समीक्षा</u>

नीति आयोग द्वारा नियुक्त बस्तर जिले के नोडल अधिकारी और संयुक्त सचिव शोभित जैन ने बस्तर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर श्री जैन ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित जिला और ब्लॉक स्तरीय चयनित इंडिकेटर्स की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन और प्रगति पर

चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लक्ष्यों की भी समीक्षा की।

इस दौरान बस्तर कलेक्टर हरीश एस. ने जिले और ब्लॉक में आकांक्षी कार्यक्रमों के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी और समस्याओं के संबंध में उन्हें अवगत कराया।

खैरागढ़ महोत्सव–समापन

खैरागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का कल समापन हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि खैरागढ़ की सांस्कृतिक धरोहर न केवल छत्तीसगढ़ की पहचान है, बल्कि यह भारत की विविध कला पद्धतियों का जीवंत केन्द्र भी है।

समारोह को संबोधित करते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ भारत की कला राजधानी के रूप में उभर रहा है और यह महोत्सव आने वाले समय में अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्राप्त करेगा।

महोत्सव के अंतिम दिन शास्त्रीय संगीत और लोक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

यूनिटी मार्च

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा नागपुर में आयोजित यूनिटी मार्च में भारतीय युवा मोर्चा–भाजयुमो के प्रदेशभर से चयनित बहत्तर युवाओं का दल भाग लेगा। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि यह दल कल तेईस मार्च को रायपुर से नागपुर के लिए रवाना होंगे। इस दल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

आहार निर्माण संयंत्र

सूरजपुर जिले में एक नये पूरक पोषक आहार निर्माण संयंत्र की शुरूआत की गई है। यह संयंत्र भैयाथान विकासखंड के दर्रीपारा में आकांक्षा स्व–सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। संयंत्र का शुभारंभ कल महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। इस अवसर पर श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इस आधुनिक संयंत्र से मीठा शक्ति आहार और नमकीन पौष्टिक दलिया का उत्पादन होगा, जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों को गुणवत्ता, सुरक्षित और पोषक पूरक आहार उपलब्ध कराना है। इस संयंत्र के माध्यम से भैयाथान परियोजना के अंतर्गत आने वाले तीन सौ छियासठ आंगनबाड़ी केन्द्रों को नियमित रूप से मीठा शक्ति आहार और नमकीन पौष्टिक दलिया उपलब्ध कराया जाएगा।

<u>जिले की चिट्ठी</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कोरबा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<u>दुर्घटना</u>

जगदलपुर में आज शाम एक सड़क दुर्घटना में दो मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एमबीबीएस के दो विद्यार्थी मोटरसाइकिल से जगदलपुर से डिमरापाल की ओर जा रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

<u>हाथी आतंक</u>

सक्ती जिले के ऋषभतीर्थ और सलिहाभाठा क्षेत्र में हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है। हाथियों ने खेतों में धान की खड़ी फसलें रौंद दी है। वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग द्वारा गांव–गांव जाकर लोगों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी जा रही है। किसानों ने सरकार से फसलों के नुकसान का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है।

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक

जगदलपुर में आज से बस्तर ओलंपिक के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हुई। इसमें बस्तर जिले के सातों विकासखंड के अट्ठारह सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ बस्तर सांसद महेश कश्यप ने किया।

खेल समाचार

नारायणपुर में आयोजित उन्नीसवां सेल खेल मेला आज संपन्न हो गया। भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस खेल मेला में फुटबॉल, व्हालीबॉल, खो–खो, बास्केटबॉल और दौड़ जैसी अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नारायणपुर, अबूझमाड़, अंतागढ़ और रावघाट खदान क्षेत्र के अड़तीस विद्यालयों के लगभग पंद्रह सौ छात्रों तथा रामकृष्ण मिशन विद्यालय के पंद्रह सौ छात्र–छात्राओं सहित तीन हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

- कवर्धा स्थित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण उनतीस नवंबर तक किया जाएगा।

- अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने के लिए गठित उड़नदस्ता दल ने कबीरधाम जिले में ग्यारह लाख रूपये से अधिक मूल्य का चार सौ इकतालीस क्विंटन अवैध धान जब्त किया है।

- कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभयारण्य के चिल्फी परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने दो इंडियन बायसन के अवैध शिकार के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><>